University in News on 07 November 2023

AMAR UJALA MY CITY PAGE 5

पूर्व छात्रों पर कॉफी टेबल बुक तैयार करेगा लविवि

माई सिटी रिपोर्टर

25 नवंबर को लविवि मनाएगा 103वां स्थापना दिवस समारोह

लखनऊ। लखनऊ विश्वविद्यालय अपने 103वें स्थापना दिवस पर पूर्व छात्रों के सम्मान में एक कॉफी टेबल बुक प्रकाशित करने जा रहा है। इसमें साहित्य, संगीत, कला, विज्ञान और खेल समेत अन्य क्षेत्रों में राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर देश का नाम रोशन करने वाले पूर्व विद्यार्थियों को शामिल किया जाएगा।

लविवि कुलपति प्रो. आलोक कुमार राय ने बताया कि यह कॉफी टेबल बुक पूर्व छात्रों के प्रति सम्मान जताने की पहल है। इससे वर्तमान और आने वाले विद्यार्थी प्रेरित होंगे।

लविवि की स्थापना जुलाई 17, 1921 से शुरू हुई, लेकिन इससे पहले वर्ष 1864 में कैनिंग कॉलेज के रूप में पढ़ाई की शुरुआत हो चुकी थी। भारत के उत्कृष्ट पुरस्कारों में से दो पद्म विभूषण, चार पद्मभूषण और 19 पद्मश्री पुरुस्कारों के साथ बीसी राय और शांतिस्वरूप भटनागर पुरस्कार भी यहां के छात्रों को मिल चुके हैं। डीन अकादमिक प्रो गीतांजली मिश्रा और एसोसिएट डीन एकेडमिक्स प्रो. मुकुल श्रीवास्तव ने बताया कि कॉफी टेबल बुक पर काम चल रहा है। जल्द ही इसे अंतिम रूप दिया जाएगा।

लविवि : 11 छात्र-छात्राओं का कैंपस प्लेसमेंट

लखनऊ। लखनऊ विश्वविद्यालय के इंजीनियरिंग संकाय की ओर से आयोजित प्लेसमेंट ड्राइव में 11 छात्र-छात्राओं का प्लेसमेंट हुआ। प्लेसमेंट इंचार्ज डॉ. हिमांशु पाण्डेय ने बताया कि वायहिल्स कंपनी में बीटेक के 06 छात्र-छात्राओं (अक्सा खान, प्रतीक तिवारी, शोभित सिंह, राज हंस शर्मा, समृद्धि श्रीवास्तव और सौरभ मिश्रा) का चयन बिजनेस डवलपमेंट काउंसलर के पद पर 7.0 लाख रुपये प्रतिवर्ष के पैकेज पर हुआ है। जारो कंपनी में बीटेक के 04 छात्र-छात्राओं (पूजा, कार्तिकेय पांडेय, आकांक्षा सिंह और कुणाल सिंह) का चयन ग्रेजुएट ट्रेनी के पद पर 6.18 लाख रुपये प्रतिवर्ष के पैकेज पर और एमबीए के छात्र अर्श गौतम का मैनेजमेंट ट्रेनी के पद पर 7.5 लाख प्रतिवर्ष के पैकेज पर प्लेसमेंट हुआ है। (माई सिटी रिपोर्टर)

रिपोर्ट में खुलासा : त्योहार में घर की सजावट और फैशन पर खर्च प्राथमिकता

लविवि के भारत लैब ने 1,027 उपभोक्ताओं को शामिल कर जारी की रिपोर्ट

लखनऊ। नवरात्र के बाद त्यौहारी सीजन की शुरूआत हो चुकी है। इस समय लोग सबसे ज्यादा खर्च घर की सजावट और फैशन पर करते हैं। लविवि के भारत फैशन लैब ने अपने सर्वेक्षण के आधार पर यह रिपोर्ट जारी की है। लविवि के व्यावसायिक प्रबंधन विभाग में उपभोक्ता व्यवहार का अध्ययन करने के लिए यह लैब स्थापित है।

1,027 उपभोक्ताओं को शामिल करते हुए एक व्यापक सर्वेक्षण किया, जिसमें 52 प्रतिशत पुरुष और 48 फीसदी महिलाओं को शामिल किया गया। रिपोर्ट के मुख्य निष्कर्षों से पता चलता है कि नए वाहनों में सीमित रुचि रही है, लेकिन होम डेकोर (87.4%) और फैशन (83.5%) त्योहारी खरीदारी में अग्रणी हैं। भारतीय ब्रांडों के आभूषणों के प्रति मजबूत प्राथमिकता पर प्रकाश डाला गया है, जिसमें 94.1% उत्तरदाताओं ने विदेशी आभूषणों की तुलना में घरेलू आभूषण ब्रांडों को प्राथमिकता दी है। वायु प्रदूषण ने पटाखों की खरीदारी (72.3%) को प्रभावित किया है। अभी भी गिफ्ट देने के लिए मोबाइल फोन (53%) लोकप्रिय उपहार हैं।

HINDUSTAN PAGE 6

एलयू में सोमवार को स्मार्टफोन वितरण कार्यक्रम का आयोजन हुआ।

एलयू में 668 विद्यार्थियों को स्मार्टफोन मिले

लखनऊ। एलयू के मालवीय सभागार में सोमवार को डिजी शक्ति योजना के तहत स्मार्टफोन वितरण कार्यक्रम का आयोजन हुआ। मुख्य अतिथि लखनऊ उत्तर विधान सभा के विधायक डॉ. नीरज बोरा रहे। उन्होंने बीएससी व बीसीए के 668 छात्र-छात्राओं को स्मार्टफोन का वितरण किया। वहीं, महाराजा बिजली पासी राजकीय पीजी कॉलेज में 304 छात्रों को टैबलेट बांटे गए।

बीटेक, एमबीए के 11 छात्रों को मिली नौकरी

लखनऊ। एलयू के अभियांत्रिकीय एवं तकनीकी संकाय के प्लेसमेंट सेल की ओर से आयोजित ड्राइव में 11 विद्यार्थियों का दो कंपनियों में प्लेसमेंट हुआ है। चयनितों को लाखों रुपये का पैकेज मिला है। प्लेसमेंट सेल के इंचार्ज डॉ. हिमांशु पाण्डेय ने बताया कि वायहिल्स कम्पनी में बीटेक के छह छात्रों अक्सा खान, प्रतीक तिवारी, शोभित सिंह, राज हंस शर्मा, समृद्धि श्रीवास्तव और सौरभ मिश्रा का चयन हुआ है।

आयुर्वेद दिवस की आयोजन कमेटी में डॉ. अमरजीत

लखनऊ। एलयू के फैकल्टी ऑफ योग एंड अल्टरनेटिव मेडिसिन के समन्वयक डॉ. अमरजीत यादव को आठवें आयुर्वेद दिवस के आयोजन की 12 सदस्यीय कमेटी में शामिल किया गया है। इस संबंध में जिलाधिकारी सूर्यपाल गंगवार की ओर से पत्र जारी कर दिया गया है।

बुक में दिखेंगी पूर्व छात्रों की उपलब्धियां

लखनऊ। एलयूमें 103वें स्थापना दिवस पर पूर्व छात्रों की उपलब्धियों पर आधारित एक कॉफी टेबल बुक लांच की जाएगी। जिसमें एलयू के पूर्व छात्रों की उपब्धियां होंगी। एलयू में पढ़ाई की शुरुआत 17 जुलाई, 1921 से शुरू हुई थी। पर, उससे काफी पहले ही लखनऊ में उच्च शिक्षा की अलख कैनिंग कॉलेज के रूप में जगाई जा चुकी थी। एलयू के पूर्व छात्रों ने भारत के उत्कृष्ट पुरस्कारों में से दो पद्म विभूषण, चार पद्मभूषण और 19 पद्मश्री पुरुस्कारों के साथ बीसी राय और शान्तिस्वरूप भट्नागर पुरुस्कार भी प्राप्त किए हैं।

एलयू के 11 छात्रों का हुआ प्लेसमेंट

LUCKNOW (6 Nov): लखनऊ यूनिवर्सिटी इंजीनियरिंग व टेक्नोलॉजी डिपार्टमेंट के 11 स्टूडेंट्स का दो कंपनियों में प्लेसमेंट हुआ है. प्लेसमेंट इंचार्ज डॉ. हिमांशु पांडेय ने बताया कि वायहिल्स कंपनी में बीटेक के 6 स्टूडेंट्स (अक्सा खान, प्रतीक तिवारी, शोभित सिंह, राज हंस शर्मा, समृद्धि श्रीवास्तव और सौरभ मिश्रा) का चयन बिजनेस डेवलपमेंट काउंसलर के पद पर 7 लाख प्रतिवर्ष के पैकेज पर हुआ है. वहीं, जारो कंपनी में बीटेक के 4 स्टूडेंट्स (पूजा, कार्तिकेय पांडेय, आकांक्षा सिंह और कुणाल सिंह) का चयन ग्रेजुएट ट्रेनी के पद पर 6.18 लाख प्रतिवर्ष के पैकेज पर और एमबीए के छात्र अर्श गौतम का मैनेजमेंट ट्रेनी के पद पर 7.5 लाख प्रतिवर्ष के पैकेज पर प्लेसमेंट हुआ.

i-NEXT PAGE 3

फाउंडेशन डे पर कॉफी टेबल बुक होगी लॉन्च

LUCKNOW (6 Nov): एलयू 25 नवंबर को अपना 103वां स्थापना दिवस मनाने जा रही है. इसे यादगार बनाने के लिए एलयू ने अपने एल्युमिनाई के सम्मान में कॉफी टेबल बुक लॉन्च करने की तैयारी की है. कॉफी टेबल बुक में उन पूर्व छात्रों के बारे में जानकारी दी जाएगी जिन्होंने साहित्य, संगीत कला विज्ञान और खेल समेत अन्य क्षेत्रों में राष्ट्रीय व अंतरराष्ट्रीय स्तर पर देश का नाम रोशन किया है. वीसी प्रो. आलोक कुमार राय के मुताबिक, कॉफी टेबल बुक हमारे पूर्व छात्रों के प्रति सम्मान जताने की एक पहल है. एलयू अपने एल्युमिनाई को अहमियत देता है और हम अपनत्व बनाए रखने और संबंधों को और मजबूत बनाने का प्रयास कर रहे हैं, ताकि उनका जुड़ाव एलयू से बना रहे. इस पहल का एक और कारण यह भी है कि यहां जो स्टूडेंट्स पढ़ रहे हैं, उन्हें यहां के एल्युमिनाई की सफलता प्रेरित कर सके. लखनऊ यूनिवर्सिटी में पढ़ाई की शुरुआत जुलाई 17, 1921 में हुई थी.

स्टूडेंट्स को मिले स्मार्टफोन

डीजी शक्ति योजना के तहत सोमवार को लखनऊ यूनिवर्सिटी में बीएससी व बीसीए के अर्ह 668 छात्र-छात्राओं को स्मार्टफोन दिया गया. इस कार्यक्रम में लखनऊ उत्तर के विधायक नीरज वोरा, कुलसचिव डॉ. विनोद कुमार सिंह, प्रो. शीला मिश्रा और डॉ. आरबी सिंह मून भी मौजूद रहे.

NBT PAGE 3

LU में प्रवेश के लिए गेट नंबर तीन होगा मुख्य द्वार

■ एनबीटी संवाददाता, लखनऊ

भाऊराव देवरस द्वार से जा सकेंगे प्रशासनिक भवन

एलयू में प्रवेश के लिए अब मुख्य द्वार गेट नंबर-3 होगा। स्टूडेंट, शिक्षक व अन्य लोग गेट नंबर-3 से ही प्रवेश करेंगे। इसके भव्य निर्माण का कार्य शुरू हो गया है।

एलयू का मेकओवर लगातार किया जा रहा है। कुछ दिन पहले सेल्फी लेने के लिए गेट नंबर-2 पर गौरव स्थल बनाया गया था। अब उसके पीछे 100 फुट ऊंचा राष्ट्रीय ध्वज भी लगाया जा रहा है। वीसी प्रो.आलोक कुमार राय ने बताया कि एलयू में प्रवेश के लिए अब तक गेट नंबर- एक को मुख्य द्वार के रूप में प्रयोग किया जाता है, लेकिन एलयू का मुख्य द्वार जल्द ही गेट नंबर-3 हो जाएगा। इसको भव्य बनाया जा रहा है, जो एलयू के स्ट्रक्चर से ही मिलता-जुलता होगा। वीसी का कहना है कि एलयू के शिक्षक और स्टूडेंट्स इस गेट से प्रवेश लेंगे। उनके लिए अलग-अलग पार्किंग होगी। जिन्हें चलने में दिक्कत है वह ई-रिक्शा का प्रयोग कर सकते हैं। वीसी ने बताया कि 15 जनवरी तक गेट नंबर तीन कार्य पूरा होने की उम्मीद है।

गेट नंबर-2 होगा वीआईपी: वीसी ने बताया कि गेट नंबर-2 को वीआईपी एंट्री के लिए प्रयोग किया जाएगा। क्योंकि अधिकतर वीआईपी मालवीय और एपी सेन हॉल में आएंगे। गेट नंबर-2 से वीआईपी को मूवमेंट करने आसानी होगी। वहीं, गेट नंबर-1 (भाऊराव देवरस द्वार) को प्रशासनिक भवन में जाने के लिए प्रयोग किया जाएगा।

RASHTRIAYA SAHARA PAGE 5

डिजी शक्ति योजना : 668 छात्र छात्राओं को स्मार्टफोन का वितरण

लखनऊ (एसएनबी)। डिजी शक्ति योजना के अन्तर्गत सोमवार को लखनऊ विश्वविद्यालय में बीएससी एवम बीसीए के अर्ह 668 छात्र-छात्राओं को स्मार्टफोन का वितरण किया गया। इस कार्यक्रम में लखनऊ उत्तर के विधायक नीरज वोरा, कुलसचिव डा. विनोद कुमार सिंह, प्रो. शीला मिश्रा उपस्थित थी।

JAGRAN CITY PAGE III

लवि के 11 विद्यार्थियों का कैंपस प्लेसमेंट

काफी टेबल बुक में जगह पाएंगे पुरातन विद्यार्थी

लखनऊ: लखनऊ विश्वविद्यालय के अभियांत्रिकीय और तकनीकी संकाय के प्लेसमेंट सेल की ओर से कैंपस ड्राइव किया गया। इसमें 11 विद्यार्थियों का चयन हुआ है। वाय हिल्स कंपनी में बीटेक के छह छात्र-छात्राओं (अक्सा खान, प्रतीक तिवारी, शोभित सिंह, राज हंस शर्मा, समृद्धि श्रीवास्तव और सौरभ मिश्रा) का चयन बिजनेस डेवलपमेंट काउंसलर के पद पर सात लाख रुपये सालाना के पैकेज पर हुआ है। (जासं)

जासं, लखनऊ: लखनऊ विश्वविद्यालय 103 वें स्थापना दिवस पर पूर्व छात्रों के सम्मान में काफी टेबल बुक तैयार कर रहा है। इसमें साहित्य, संगीत, कला, खेल सहित अन्य क्षेत्रों में राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर देश का नाम रोशन करने वाले पुरातन छात्रों की उपलब्धियों को प्रकाशित किया जाएगा। कुलपति प्रो. आलोक कुमार राय ने बताया कि काफी टेबल बुक पूर्व छात्रों के प्रति सम्मान जताने की पहल है। पुरातन छात्र और विश्वविद्यालय के संबंध को इससे और मजबूत किया जाएगा।

PIONEER PAGE 3

पूर्व छात्रों के सम्मान में काफी टेबल बुक लांच करेगा एलयू

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

लखनऊ विश्वविद्यालय अपने 103 वें स्थापना दिवस पर पूर्व छात्रों के सम्मान में एक कॉफी टेबल बुक प्रकाशित करने जा रहा है। इस कॉफी टेबल बुक में विश्वविद्यालय के उन पूर्व छात्रो का विवरण प्रकाशित किया जाएगा। जिन्होंने साहित्य संगीत कला विज्ञान और खेल समेत अन्य क्षेत्रों में राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर देश का नाम रौशन किया है।

विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो आलोक कुमार राय ने बताया कि यह एक कॉफी टेबल बुक हमारे पूर्व छात्रों के प्रति सम्मान जताने की एक पहल है। विश्वविद्यालय के पूर्व छात्रों के प्रति हमारा सम्बन्ध और अपनत्व अटूट बना रहे है और हम इस सम्बन्ध को और भी मजबूत बनाने का प्रयास कर रहे हैं। जिससे हमारे पूर्व छात्र, जो अब जीवन के विभिन्न क्षेत्रों में सफलता प्राप्त कर चुके हैं, उन्होंने लखनऊ विश्वविद्यालय के आदर्शों और शिक्षा के मूल मूल्यों को अपनाया है। उनकी सफलता और उनकी प्रेरणा वर्तमान छात्रों के लिए एक महत्वपूर्ण प्रेरक मार्गदर्शन हो सकते हैं। वैसे अधिकारिक तौर पर लखनऊ विश्वविद्यालय में पढ़ाई की शुरुआत 17 जुलाई 1921 से शुरू हुई पर उससे काफी पहले ही लखनऊ में उच्च शिक्षा की अलख कैनिंग कॉलेज के रूप में जगाई जा चुकी थी।

भारत के उत्कृष्ट पुरस्कारों में से 2 पद्म विभूषण, 4 पद्मभूषण एवं 19 पद्मश्री पुरुस्कारों के साथ.साथ बीसी राय और शान्तिस्वरूप भट्नागर पुरस्कार भी यहाँ के छात्रों ने प्राप्त किये हैं। डीन अकादमिक प्रो गीतांजली मिश्रा ने बताया कि इस कॉफी टेबल बुक में संग्रहीत व्यक्तित्वों से जहाँ वर्तमान छात्रों को अपना भविष्य बेहतर करने की प्रेरणा मिलेगी। वही दूसरी ओर उन्हें एक गर्व का एहसास भी होगा कि वे शिक्षा और ज्ञान की किस महान परम्परा के वाहक हैं।

लविवि के 11 छात्र-छात्राओं का हुआ कैंपस प्लेसमेंट

लखनऊ। लखनऊ विश्वविद्यालय के अभियांत्रिकी एवं तकनीकी संकाय के प्लेसमेंट सेल द्वारा आयोजित प्लेसमेंट ड्राइव में 11 छात्र-छात्राओं का 2 कंपनियों में प्लेसमेंट हुआ है। प्लेसमेंट इंचार्ज डॉ हिमांशु पाण्डेय ने बताया कि वायहिल्स कंपनी में बीटेक के 6 छात्र-छात्राओं में अक्सा खान, प्रतीक तिवारी, शोभित सिंह, राज हंस शर्मा, समृद्धि श्रीवास्तव और सौरभ मिश्रा का चयन बिजनेस डेवलपमेंट काउंसलर के पद पर 7 लाख प्रतिवर्ष के पैकेज पर एवं एमबीए के छात्र अर्श गौतम का मैनेजमेंट ट्रेनी के पद पर 7.5 लाख प्रतिवर्ष के पैकेज पर प्लेसमेंट हुआ है। विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो आलोक कुमार राय एवं संकाय के डीन प्रो एके सिंह ने चयनित छात्रों को बधाई दी एवं उनके उज्जवल भविष्य हेतु आशीर्वाद दिया है।

AMRIT VICHAR PAGE 4

आईआईटी कानपुर में लविवि का परचम

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

प्रतियोगिता

- **कानपुर जनपद में आयोजित हुई अन्तरंगणी प्रतियोगिता**
- **प्रश्नोत्तरी सहित तर्क - वितर्क प्रतियोगिता भी रही शामिल**

अमृत विचार : आईआईटी कानपुर में आयोजित प्रतियोगिता में लखनऊ विवि की टीम को विजय मिली है। अन्तर्रंगणी प्रतियोगितायों में प्रश्नोत्तरी, तर्क वितर्क सहित विषय शामिल रहे।

आईआईटी कानपुर में अंतरंग प्रतियोगिताओं का आयोजन हुआ। जिसमें लखनऊ विवि की टीम ने प्रतिभाग किया। प्रश्नोत्तरी के साथ तर्क वितर्क पर विभिन्न विषयों को शामिल किया गया। दृष्टिकोण में बीएससी के तृतीय वर्ष के छात्र अर्थव शर्मा प्रथम स्थान पर रहे। बीए तृतीय वर्ष की छात्र अंशिका को प्रश्नोत्तरी में द्वतीय पुरस्कार मिला। बीए तृतीय सेमेस्टर की विदिशा पाण्डे को प्रश्नोत्तरी, फिल्म और वेबसीरीज में तृतीय स्थान मिला। अंग्रेजी प्रश्नोत्तरी में अर्थव शर्मा, गौरी श्रीवास्तव और अंशिका सिंह तृतीय स्थान पर रहे। सांस्कृतिकी निदेशिका प्रोफेसर मधुरिमा लाल ने बताया कि स्पर्धात्मक प्रतियोगिता में छात्र ओवरऑल अव्वल रहे।

विवि में डिजी शक्ति योजना से लाभान्वित छात्र। अमृत विचार

विवि के 668 छात्रों को मिली स्मार्टफोन की सौगात

लखनऊ : लखनऊ विवि में डिजी शक्ति योजना के तहत स्मार्ट फोन का वितरण किया हुआ। कार्यक्रम में शामिल 668 छात्र लाभान्वित हुए। ऐसे में कुलसचिव की ओर से शासन की कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी भी दी गई। उप्र शासन छात्रों के कल्याण को लेकर तमाम योजनाएं चला रहा है। डिजी शक्ति योजना इसी में से एक है। योजना के तहत लखनऊ विवि में कार्यक्रम का आयोजन हुआ। जिसमें विवि के बीएससी व बीसीए के कुल 668 छात्र शामिल हुए। कुल सचिव डॉ. विनोद कुमार सिंह ने शासन की योजनाओं की जानकारी देते हुए तमाम से सुझाव भी छात्रों को दिये। कार्यक्रम में शामिल हुए विधायक नीरज बोरा ने डिजी शक्ति योजना की बिन्दुवार जानकारी दी। कहा कि शासन की योजनाएं छात्रों के हित में हैं। प्रोफेसर शीला मिश्रा और डॉ. आरबी सिंह ने विषयों को विस्तार दिया। कार्यक्रम के अंत में छात्रों को स्मार्टफोन की सौगात दी गई।

पूर्व छात्रों के सम्मान में कॉफ़ी टेबल बुक प्रकाशित करेगा लविवि

लखनऊ (एसएनबी)। लखनऊ विश्वविद्यालय अपने 103वें स्थापना दिवस पर अपने पूर्व छात्रों के सम्मान में एक कॉफी टेबल बुक प्रकाशित करने जा रहा है। कॉफी टेबल बुक में विश्वविद्यालय के उन पूर्व छात्रों का विवरण प्रकाशित किया जाएगा। जिन्होंने साहित्य संगीत कला विज्ञान और खेल समेत अन्य क्षेत्रों में राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर देश का नाम रौशन किया है। लविवि कुलपति प्रो.आलोक कुमार राय ने बताया कि यह एक कॉफ़ी टेबल बुक हमारे पूर्व छात्रों के प्रति सम्मान जताने की एक पहल है। विश्वविद्यालय के पूर्व छात्रों के प्रति हमारा सम्बन्ध और अपनत्व अटूट बना रहे है और हम इस सम्बन्ध को और भी मजबूत बनाने का प्रयास कर रहे हैं। जिससे हमारे पूर्व छात्रों का जुड़ाव इस विश्वविद्यालय से सतत बना रहे। हमारे पूर्व छात्र, जो अब जीवन के विभिन्न क्षेत्रों में सफलता प्राप्त कर चुके हैं, उन्होंने लविवि के आदर्शों और शिक्षा के मूल मूल्यों को अपनाया है। उनकी सफलता और उनकी प्रेरणा वर्तमान छात्रों के लिए एक महत्वपूर्ण प्रेरक मार्गदर्शन हो सकते हैं। वैसे अधिकारिक तौर पर लविवि में पढ़ाई की शुरुआत 17 जुलाई 1921 से शुरू हुई पर उससे काफी पहले ही लखनऊ में उच्च शिक्षा की अलख कैनिंग कॉलेज के रूप में जगाई जा चुकी थी। भारत के उत्कृष्ट पुरस्कारों में से 2 पद्म विभूषण, 4 पद्मभूषण एवं 19 पद्मश्री पुरुस्कारों के साथ-साथ बीसी राय और शान्तिस्वरूप भट्नागर पुरस्कार भी यहां के छात्रों ने प्राप्त किये हैं। डीन अकादमिक प्रो. गीतांजली मिश्रा ने बताया कि इस कॉफी टेबल बुक में संग्रहीत व्यक्तित्वों से जहां वर्तमान छात्रों को अपना भविष्य बेहतर करने की प्रेरणा मिलेगी। वहीं दूसरी ओर उन्हें एक गर्व का एहसास भी होगा कि वे शिक्षा और ज्ञान की किस महान परम्परा के वाहक हैं।

डा. अमरजीत यादव सदस्य नामित

डा. अमरजीत यादव

जासं, लखनऊ : लखनऊ विश्वविद्यालय के योग और वैकल्पिक चिकित्सा के समन्वयक डा. अमरजीत यादव को अष्टम आयुर्वेद दिवस की कमेटी का सदस्य नामित किया गया है। जिला प्रशासन की ओर से उनका चुनाव हुआ है। यह समिति आयुर्वेद पद्धति के वैज्ञानिक दृष्टिकोण को बढ़ाने और जन आरोग्य को लेकर कार्यक्रम करेगी।

कॉफी टेबल बुक करेगी छात्रों को प्रोत्साहित

लखनऊ : लखनऊ विवि 103वें स्थापना दिवस पर छात्रों को प्रोत्साहित करने के लिए कॉफी टेबल बुक का प्रकाशन कर रही है। इसमें उन छात्रों को शामिल किया गया गया है। जिन्होंने साहित्य, संगीत, कला, खेल सहित अन्य क्षेत्रों में राष्ट्रीय और अन्तर्राष्ट्रीय पुरस्कार प्राप्त किये हैं। लखनऊ विवि का मुख्य लक्ष्य छात्रों को प्रोत्साहित करना है। विवि के कुलपति आलोक कुमार राय ने बताया कि कॉफी टेबल बुक का प्रकाशन छात्रों के सम्मान के लिये किया जा रहा है। विवि में पढ़ाई की शुरुआत 17 जुलाई वर्ष 1921 से हुई थी। उससे पहले उच्च शिक्षा की अलख कैनिंग कॉलेज से जगी थी। इसी को ध्यान में रखते हुए कॉफी टेबल बुक का प्रकाशन किया जा रहा है।

लखनऊ विवि में छात्रों के लिए कैम्पस सेलेक्शन

लखनऊ : लखनऊ विवि की अभियांत्रिकी एवं तकनीकी संकाय के साझा सहयोग से दो निजी कंपनियों ने कैम्पस सेलेक्शन करते हुए 11 छात्रों का चयन किया है। चयनित छात्र अब ग्रेजुएट ट्रेनी के रूप में कार्य करेंगे। कंपनी के अधिकारियों ने तमाम से सुझाव भी साझा किये हैं। लखनऊ विवि के कुलपति प्रोफेसर आलोक कुमार के निर्देश पर संकाय के डीन प्रोफेसर एके सिंह ने निजी कंपनियों को आमंत्रित किया। साक्षात्कार में दो दर्जन से अधिक छात्र शामिल हुए। दक्षता का आंकलन करते हुए 11 छात्र छात्राओं को चयनित किया गया।

SWATANTRA BHARAT PAGE 2

डॉ. अमरजीत आयुर्वेद दिवस आयोजन कमेटी के सदस्य नामित

स्वतंत्र भारत संवाददाता लखनऊ। विश्वविद्यालय के फैकल्टी ऑफ योगा एंड अल्टरनेटिव मेडिसिन के कोऑर्डिनेटर डॉ.अमरजीत यादव को प्रशासन स्तर पर आयोजित होने वाले 8वें आयुर्वेद दिवस की कमेटी का जिला अधिकारी द्वारा सदस्य नामित किया गया है। यह समिति आयुर्वेद पद्धति के वैज्ञानिक दृष्टिकोण को बढ़ाने तथा जन आरोग्य को सुनिश्चित करने के उद्देश्य से विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन करेगी।

लविवि के 668 मेधावी विद्यार्थियों को मिले स्मार्टफोन

स्वतंत्र भारत संवाददाता लखनऊ। डिजी शक्ति योजना के तहत लविवि में बीएससी एवं बीसीए के होनहार 668 छात्र-छात्राओं को स्मार्टफोन का वितरण किया गया। इस कार्यक्रम में भाजपा विधायक नीरज बोरा, लविवि के कुलसचिव डा.विनोद कुमार सिंह,प्रो.शीला मिश्रा और डा.आरबी सिंह उपस्थित रहे।

एलयू के छात्र को काव्य पाठ में मिला प्रथम स्थान

स्वतंत्र भारत संवाददाता लखनऊ। विश्वविद्यालय के जय सिंह ने जीएनपीजी कॉलेज में आयोजित 21वें सांस्कृतिक युवा महोत्सव दिव्यांकुर-2023 में काव्य पाठ में प्रथम स्थान प्राप्त करके अपना शानदार खाता खोला। प्रो.मधुरिमा निदेशिका सांस्कृतिकी ने इस विजय पर हर्ष जताया तथा आगे की प्रतियोगिताओं में सहभागिता के लिए प्रतिभागियों को उत्साहित किया। वहीं, कुलपति प्रो.आलोक कुमार ने भी इस जीत के लिए छात्र को बधाई दी है। प्रो.मधुरिमा ने बताया कि कई प्रतियोगिताओं में मंगलवार को लविवि की टीम भाग लेगी।

11 विद्यार्थियों का कैंपस प्लेसमेंट

स्वतंत्र भारत संवाददाता लखनऊ। विश्वविद्यालय में अभियांत्रिकी एवं तकनीकी संकाय के प्लेसमेंट सेल द्वारा आयोजित प्लेसमेंट ड्राइव में 11 छात्र-छात्राओं का दो कंपनियों में प्लेसमेंट हुआ। प्लेसमेंट इंचार्ज डॉ.हिमांशु पाण्डेय ने बताया कि वायहिल्स कंपनी में बीटेक के 6 विद्यार्थियों में अक्सा खान, प्रतीक तिवारी, शोभित सिंह, राज हंस शर्मा, समृद्धि श्रीवास्तव और सौरभ मिश्रा का चयन बिजनेस डेवलपमेंट काउंसलर के पद पर 7.0 लाख प्रतिवर्ष के पैकेज प्लेसमेंट हुआ। साथ ही जारो कम्पनी में बीटेक के 4 विद्यार्थियों में पूजा, कार्तिकेय पांडेय, आकांक्षा सिंह और कुणाल सिंह का चयन ग्रेजुएट ट्रेनी के पद पर 6.18 लाख प्रतिवर्ष के पैकेज पर किया गया है। इसके अलावा एमबीए के छात्र अर्श गौतम को मैनेजमेंट ट्रेनी के पद पर 7.5 लाख प्रतिवर्ष के पैकेज पर जॉब ऑफर मिला है। लविवि के कुलपति प्रो.आलोक कुमार राय और संकाय के डीन प्रो.एके सिंह ने चयनित छात्रों को बधाई दी एवं उनके उज्जवल भविष्य के लिए आशीर्वाद दिया।

स्थापना दिवस पर एलयू प्रकाशित करेगा कॉफी टेबल बुक

स्वतंत्र भारत संवाददाता लखनऊ। विश्वविद्यालय अपने 103वें स्थापना दिवस पर अपने पूर्व छात्रों के सम्मान में एक कॉफी टेबल बुक प्रकाशित करने जा रहा है। इस कॉफ़ी टेबल बुक में विश्वविद्यालय के उन पूर्व छात्रों का विवरण प्रकाशित किया जाएगा। जिन्होंने साहित्य संगीत कला विज्ञान और खेल समेत अन्य क्षेत्रों में राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर देश का नाम रौशन किया।

कुलपति प्रो. आलोक कुमार राय ने बताया कि कॉफी टेबल बुक हमारे पूर्व छात्रो के प्रति सम्मान जताने की एक पहल है। विश्वविद्यालय के पूर्व छात्रो के प्रति हमारा सम्बन्ध और अपनत्व अटूट बना रहे है और हम इस सम्बन्ध को और भी मजबूत बनाने का प्रयास कर रहे हैं। जिससे हमारे पूर्व छात्रो का जुड़ाव इस विश्वविद्यालय से सतत बना रहे।हमारे पूर्व छात्र, जो अब जीवन के विभिन्न क्षेत्रो में सफलता प्राप्त कर चुके हैं। एलयू के आदर्शों और शिक्षा के मूल मूल्यो को अपनाया है। अधिकारिक तौर पर लखनऊ विश्वविद्यालय में पढ़ाई की शुरुआत जुलाई 17 ,1921 से शुरू हुई पर उससे काफी पहले ही लखनऊ में उच्च शिक्षा की अलख कैनिंग कॉलेज के रूप में जगाई जा चुकी थी।

LOKSATYA PAGE 2

एलयू के होनहारों की छपेगी काफी टेबिल बुक

लखनऊ, लोकसत्य। लखनऊ विश्वविद्यालय अपने 103 वें स्थापना दिवस पर अपने पूर्व छात्रो के सम्मान में एक कॉफी टेबल बुक प्रकाशित करने जा रहा है। इस कॉफी टेबल बुक में विश्वविद्यालय के उन पूर्व छात्रो का विवरण प्रकाशित किया जाएगा। जिन्होंने साहित्य संगीत कला विज्ञान और खेल समेत अन्य क्षेत्रो में राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर देश का नाम रोशन किया।

कुलपति प्रो. आलोक कुमार राय ने बताया कि कॉफी टेबल बुक हमारे पूर्व छात्रो के प्रति सम्मान जताने की एक पहल है। विश्वविद्यालय के पूर्व छात्रो के प्रति हमारा सम्बन्ध और अपनत्व अटूट बना रहे है और हम इस सम्बन्ध को और भी मजबूत बनाने का प्रयास कर रहे हैं। जिससे हमारे पूर्व छात्रो का जुड़ाव इस विश्वविद्यालय से सतत बना रहे।हमारे पूर्व छात्र, जो अब जीवन के विभिन्न क्षेत्रो में सफलता प्राप्त कर चुके हैं। एलयू के आदर्शों और शिक्षा के मूल मूल्यो को अपनाया है। अधिकारिक तौर पर लखनऊ विश्वविद्यालय में पढ़ाई की शुरुआत जुलाई 17 ,1921 से शुरू हुई पर उससे काफी पहले ही लखनऊ में उच्च शिक्षा की अलख कैनिंग कॉलेज के रूप में जगाई जा चुकी थी।